# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/मा–स/22432/उत्सव/2017–18/346 दिनांक : 16/09/2019

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक
   स्कूल शिक्षा, राजस्थान ।

2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
   एवं पदेन परियोजना समन्वयक
   समग्र शिक्षा अभियान

**विषय :–** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150 वीं जन्म शताब्दी में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों हेतु विभागीय प्रस्ताव भिजवाए जाने बाबत्।

**प्रसंग :–** आपका पत्रांक : पं.24(19)शिक्षा–6/2018, जयपुर, दिनांक : 20.07.2018

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 150वां स्मरणोत्सव दिनांक : 02 अक्टूबर, 2018 से 02 अक्टूबर 2020 तक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग भी इस कार्यक्रम पर सभी विद्यालयों में गतिविधियां संचालित करने जा रहा है। इस अवसर पर दिनांक : 23 सितंबर, 2019 से 20 अक्टूबर, 2019 तक देश के सभी विद्यालयों में महात्मा गांधी पर गहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे तदोपरांत गतिविधियां आयोजित करेंगे। इसका समापन 02 अक्टूबर 2020 को होगा।

23 सितंबर 2019 से 1 अक्टूबर 2019 तक आयोज्य कार्यक्रमों हेतु महात्मा गांधी के विचारों और मूल्यों का पोषण करने वाली निम्नांकित गतिविधियां विद्यालयों में आयोजित की जावे :–

1. सर्वधर्म प्रार्थना सभा, गांधी के मूल्यों और विचारों पर विमर्श। अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर इन गतिविधियों में शामिल करना।
2. नृत्य, गीत, संगीत, प्रहसन, विचित्र वेशभूषा एकाभिनय
3. स्वच्छता अभियान/श्रमदान/सामुदायिक सेवा ''स्वच्छता के लिए गांधी गिरी।
4. भाषण, वाद–विवाद, वक्तृत्व कला (भाषण प्रतियोगिता), गांधी कथा कथन, गांधर पर वार्ता। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पढे गए पुस्तकों के माध्यम से ज्ञात हुए महात्मा गांधी और उनके आदर्शों के अनुभव साझा करना।
5. कविता लेखन, लेख, स्लोगन, प्रहसन व डायरी लेखन।
6. पेंटिंग एवं ड्राईंग
7. महात्मा गांधी संबंधित स्थानों म्यूजियम इत्यादि का भ्रमण/महात्मा गांधी संबंधित फिल्मों का अवलोकन।
8. क्विज प्रतियोगिता और इस अवसर पर विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा बनाएगा। चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन करना। महात्मा गांधी के जीवन, पुस्तकें तथा श्रेष्ठ लेखों को शेयर करना।

| क्र. सं. | आयोज्य कार्यक्रम/गतिविधि/क्रियाकलाप का विवरण | आयोजन तिथि/अवधि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यालयों में वाद–विवाद, लेख और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित किया जाना तथा उसकी रिपोर्ट व फोटो विभाग को प्रेषित करना। विशेषतः प्रार्थना सभा व बाल सभाओं में। | जुलाई–अक्टूबर, 2019 |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 2 | "राज्यस्तरीय रोल प्ले एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता" में गाँधी विषयक नाट्य प्रस्तुति। | 23.09.2019 से 01.10.2019 तक |
| 3 | विद्यार्थियों द्वारा गांधी जी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन समारोहपूर्वक मनाया जाना। | 02 अक्टूबर 2019 |
| 4 | विद्यालय और उसके आस–पास विशेष स्वच्छता अभियान स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना। | नवम्बर 2019 |
| 5 | प्रत्येक दिवस प्रार्थना सभा में अध्यापकों/संदर्भ व्यक्तियों द्वारा सत्य और अहिंसा पर वार्ता। | दिसम्बर 2019 |
| 6 | महात्मा गांधी के जीवन पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन। | जनवरी–फरवरी, 2020 |
| 7 | लेख और पेंटिंग कार्यशालाएं। | जुलाई–अक्टूबर, 2020 |
| 8 | विद्यार्थियों द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम। | 02 अक्टूबर, 2020 |

यह अपेक्षा की जाती है कि उक्त गतिविधियां राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में प्राथमिकता से आयोजित की जाए तथा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट संलग्न प्रारूप में मंत्रालय को प्रेषित की जाए। कार्यक्रमों से संबंधित फोटोग्राफ/वीडियों मंत्रालय के ई–मेल पते is5mhrd@gmail.com और https://www.gandhi.gov.in (कार्यन्जली) पोर्टल पर अपलोड करते हुए इस कार्यालय के ईमेल आई.डी. secondarydd35@gmail.com पर भी भिजवाना सुनिश्चित करें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. सहायक शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
5. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय)–माध्यमिक।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
9. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
10. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)



Scanned by CamScanner